## महत्वपूर्ण एवं खास

### ईडी के छापे में गिरफ्तार आरोपियों को एडीजे के कोर्ट से मिली रिमांड

**रायपुर (आरएनएस)।** आईएएस समीर विश्नोई, सुनील अग्रवाल और लक्ष्मीकांत तिवारी शुक्रवार को रायपुर जिला कोर्ट में पेश हुए। ईडी ने 8 दिन की रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में तीनों को एडीजे अजय सिंह राजपूत के न्यायालय में पेश किया। जानाकारी के मुताबिक ईडी ने कोर्ट से 6 दिनों के रिमांड की मांग की। जिस पर कोर्ट ने ईडी को फिर से 6 तीनों की रिमांड दे दी है। अब सभी एक्यूज्ड 27 तारीख को वापस कोर्ट में पेश होंगे। एड्वोकेट विजय अग्रवाल ने कहा कि पिछली बार ईडी ने फाल्स एप्लिकेशन पेश किया था। ईडी के रिमांड की मांग गलत है। वहीं उन्होंने रिमांड के प्रोसेस को भी गलत बताया है। बताया जा रहा है कि एड्वोकेट विजय अग्रवाल ने सुनील अग्रवाल को घर के बने भोजन देने की अनुमति मांगी है। ये भी कहा जा रहा है कि पूछताछ के दौरान ईडी ने वकीलों की उपस्थिति का विरोध किया है।

### भुलसीडीह में संपत्ति विवाद पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम भुलसीडीह में संपत्ति विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्राम भुलसीडीह में पिछले दिनों आरोपी बुद्धुराम कंवर ने अपने छोटे भाई वेद राम कंवर के गर्दन के पीछे वार कर दिया था। इस घटना में वेद राम गंभीर रुप से घायल हो गया था। आरोपी ने अपने मंझले भाई की जमीन भी हड़प ली है जबकि मौत के बाद उसके घर पर भ कब्जा कर लिया है और अब छोटे भाई की संपत्ति हड़पना चाहता है। आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को जप्त कर लिया गया है।

### पत्नी व सास की हत्या करने वाला वकील गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** मैना बार के पीछे वसुंधरा नगर चंगोराभाठा में एक वकील ने अपनी पत्नी व सास पर रॉड से हमला कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची डीडीनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सौरभ उपाध्याय 38 वर्ष पेशे से वकील है। बताया जाता है कि आरोपी का अपनी पत्नी मनीषा उपाध्याय 34 वर्ष के साथ विवाद चल रहा था। जिससे वह अपनी मायके वसुंधरा नगर में रहती थी। बताया जाता है कि कल दोपहर आरोपी अपने ससुराल पहुंचा था। जहां किसी बात को लेकर सौरभ का फिर अपनी पत्नी से विवाद हुआ। जिसके बाद आरोपी ने लोहे के रॉड से अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वहीं बीच बचाव करने पहुंची सास रमा पांडे 65 वर्ष पर भी रॉड से हमला कर दिया। जिससे दोनों मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची डीडीनगर पुलिस ने आरोपी सौरभ को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाइक सवार युवक मोबाइल छीनकर भागा

**रायपुर (आरएनएस)।** महावीर नगर स्थित पलास अपार्टमेंट के पास बाइक सवार अज्ञात युवक ने महिला के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकला। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पलास हाइट महावरी नगर निवासी प्रार्थिया निर्मला बैरवा 53 वर्ष पैदल घर जा रही थी। तभी बाइक सवार अज्ञात युवक पीछे से आया और महिला के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकला। चोरी गए मोबाइल की कीमत 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 356, 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# अशांत क्षेत्रों में तैनात पुलिस के जवानों ने अपने साहस का लोहा मनवाया, उनकी तैनाती ढाल की तरह : राज्यपाल

- राज्यपाल उइके और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पुलिस स्मृति दिवस परेड में हुए शामिल
- राज्यपाल ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद जवानों को किया नमन
- शहीदों के परिजनों से मिले राज्यपाल और गृहमंत्री, संवेदना व्यक्त करते हुए सदैव साथ खड़े रहने का दिलाया विश्वास

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज माना स्थित चौथी बटालियन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस परेड में शामिल हुई और शहीद जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल सुश्री उइके और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने राष्ट्रगान की धुन पर परेड की सलामी भी ली।

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने पुलिस स्मृति दिवस परेड को संबोधित करते हुए पुलिस के शहीद वीर जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्मृति दिवस अपना कर्तव्य निभाते हुए शहीद पुलिस जवानों के अदम्य साहस और पराक्रम का स्मरण कराता है। राज्यपाल सुश्री उइके ने भगवत गीता में उल्लेखित पुलिस के ध्येय वाक्य परित्राणाय साधुनाम के अर्थ को पुलिस द्वारा सार्थक बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि समय के साथ देश ने अपनी सामरिक क्षमता बढ़ाने में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। पुलिस के जवानों को बेहतर प्रशिक्षण और जरूरी सुविधाएं मिलने से उनका मनोबल बढ़ा है। देश की आंतरिक सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने निरंतर शांति व



सौहाद्र्र स्थापित करने में अपना योगदान दिया है। हमें ऐसी धारणा नहीं बनानी चाहिए कि पुलिस के जवान केवल आंतरिक क्षेत्रों में ही सेवाएं देंगे, यदि सीमा पर हमें जवानों की आवश्यकता होगी तो वे देश रक्षा के अपने कत्र्तव्य से विमुख नहीं होंगे।

राज्यपाल ने कहा कि कोरोना की विपरीत परिस्थितियों में पुलिस के जवानों ने किस प्रकार चौबीस घंटे, सातों दिन लोगों की सेवा की और अपना कत्र्तव्य निभाया। पुलिस की कार्यप्रणाली और दायित्व सबसे अलग है। पुलिस की सजगता व सतर्कता से ही समाज में शांति व सौहाद्र्र बना रहता है और लोग चौन से रह पाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पुलिस कर्मियों के प्रति अपने व्यवहार में संवेदनशीलता लाएं और मानवीय दृष्टिकोण रखें। उन्होंने कहा कि आपका मृदु व्यवहार उनके तनाव प्रबंधन में एक बड़ी भूमिका निभा सकता है, जो उन्हें अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने की प्रेरणा भी देगा। इस आशय से सांस्कृतिक और शारीरिक गतिविधियों का आयोजन उनकी क्षमता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश नक्सल समस्या से ग्रसित है। अशांत क्षेत्रों में तैनात हमारे पुलिस के जवानों ने कई मौकों पर अपने साहस का लोहा मनवाया है। उनकी तैनाती ढाल की तरह है, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विस्तार में कमी आई है। हमारे जवानों के साहस, पराक्रम और सूझबूझ से नक्सलियों का दायरा सीमित हुआ है और राज्यपाल ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में नक्सल समस्या का पूर्ण रूप से उन्मूलन होगा।

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने पुलिस स्मृति दिवस परेड को संबोधित करते हुए जांबाज अधिकारियों और जवानों की शहादत को स्मरण और नमन किया। उन्होंने कहा कि वीर जवानों ने नक्सली व अन्य घटनाओं में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है और प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात रहकर निरंतर अपने दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं। गृहमंत्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पुलिस बल को सुरक्षा, सम्मान व सुविधाएं देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं और शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर माओवादी लगातार आत्मसमर्पण कर रहे हैं। परिणाम स्वरूप नक्सली घटनाओं में कमी आई है। अपने संबोधन के अंत में गृहमंत्री ने शहीद जवानों के परिजनों को भी विश्वास दिलाया कि शासन सदैव उनके साथ खड़ी है।

तत्पश्चात् राज्यपाल और गृहमंत्री ने वर्ष 2022 के तीन अमर शहीदों आरक्षक अर्जुन कुडिय़ाम, सहायक आरक्षक गोपाल कड़ती और प्रधान आरक्षक सालिक राम मरकाम को भी श्रद्धांजलि दी। स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने श्रद्धांजलि उद्बोधन दिया।

## प्रदेश के सभी 33 जिलों की 13401 शासकीय उचित मूल्य के दुकानों में ई-पॉस मशीन स्थापित

- 12,554 उचित मूल्य के दुकानों में ऑनलाईन आधार प्रमाणी करण के जरिए हो रहा है राशन वितरण
- माह अक्टूबर में 75 प्रतिशत से अधिक गरीब परिवारों को राशन वितरण का कार्य पूर्ण
- राशन लेने में परेशानी होने पर टोल फ्री नम्बर 1800-233-3663 तथा 1967 पर करा सकते हैं शिकायत दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पी.डी.एस के तहत राशन कार्डधारियों को आधार प्रमाणीकरण के द्वारा उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के 33 जिलों की 13401 उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीन स्थापित कर दिया गया है। इन 13401 उचित मूल्य दुकानों में से 12,554 उचित मूल्य दुकानों में ऑनलाईन आधार प्रमाणीकरण के जरिये तथा शेष 847 उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से ऑफलाईन राशन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। चालू माह अक्टूबर में 75 प्रतिशत से अधिक गरीब परिवारों को राशन वितरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि राज्य में माह अक्टूबर 2022 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 71.74 लाख राशनकार्डधारियों में से 49.48 लाख राशनकार्डधारियों (69 प्रतिशत) के द्वारा उचित मूल्य दुकानों से अभी तक खाद्यान्न का उठाव किया जा चुका है। 75 प्रतिशत अंत्योदय राशनकार्डधारियों, 77 प्रतिशत प्राथमिकता राशनकार्डधारियों तथा 34 प्रतिशत एपीएल राशनकार्डधारियों के द्वारा माह अक्टूबर में खाद्यान्न का उठाव कर लिया गया है।

राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण का कार्य नियमित रूप से जारी है। अधिकारियों ने बताया कि राशनकार्डधारी आधार प्रमाणीकरण के द्वारा राज्य में अपनी पसंद की किसी भी उचित मूल्य की दुकान से पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव कर सकता है। माह अक्टूबर में अभी तक जिला बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बस्तर, बेमेतरा, गरियाबंद, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कबीरधाम, कोण्डागांव, कोरिया, मुंगेली, राजनांदगांव तथा सूरजपुर में 70 प्रतिशत से अधिक राशनकार्डधारियों के द्वारा उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न का उठाव किया जा चुका है। प्रतिदिन औसतन 5 लाख राशनकार्डधारियों के द्वारा खाद्यान्न का उठाव किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में सर्वर की गति सामान्य है तथा हितग्राहियों को राशन वितरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। दीपावली त्यौहार से पूर्व अधिकांश राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण का कार्य पूर्ण हो जायेगा। राशनकार्डधारियों को उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी होने की स्थिति में विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800-233-3663 तथा 1967 पर अपनी समस्या-शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## इंद्रावती नदी के भोंड एनीकेट में डूबने से एक युवक की हुई मौत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के बस्तर थाना क्षेत्र अंर्तगत इंद्रावती नदी भोंड एनीकेट में पिकनिक मनाने गए 03 युवकों में एक युवक वैभव राजपूत 15 वर्ष पानी में डूब गया, पुलिस के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आज शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद कार्यवाही उपरांत परिजनों को सौंप दिया है।


बस्तर थाना प्रभारी ने बताया कि इंद्रावती नदी भोंड एनीकेट में गुरुवार को पिकनिक मनाने 03 युवक मोटर साइकिल लेकर नदी के उस पार बिजयकसार गए हुए थे, जहां से लौटने के दौरान एनीकेट को पार करने के लिए मोटरसाइकिल को पैदल धकेलते उसे नदी को पार कर रहे थे कि अचानक पानी के बहाव में स्वामी आत्मानंद में पढऩे वाला 09 वी का छात्र वैभव राजपूत उम्र 15 वर्ष डूब गया, साथ गए दोस्तों ने खोजबीन की, लेकिन कुछ भी पता नही चलने पर परिजनों और पुलिस को सूचना दिया गया, जिसके बाद शव को घटनास्थल से 200 मीटर दूर एसडीआरएफ की टीम ने खोज निकाला, शुक्रवार की सुबह शव को पीएम के लिए मरचूरी बस्तर अस्पताल भेजा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है।

## राजस्व अमले पर हमला करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार, 3 फरार

**कोंडागांव (आरएनएस)।** नायब तहसीलदार सहित राजस्व अमले पर हमला करने वाले 09 आरोपियों अनित मरकाम पिता सुकालू मरकाम, मानसिंह मरकाम पिता सकरू राम मरकाम, घनश्याम मरकाम पिता स्व. शुक्लु राम मरकाम, रमेश मरकाम पिता सायतू मरकाम, घीना राम मरकाम पिता लक्ष्मीनाथ मरकाम, मोती राम मरकाम पिता स्व. सोनू राम मरकाम, दिनेश मरकाम पिता लक्ष्मीनाथ मरकाम, दशरू राम मरकाम पिता स्व. दुआरू राम मरकाम, सिया राम मरकाम पिता बिसरू राम मरकाम सभी निवासी ग्राम बिवला, नयापारा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, वहीं 03 फरार आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को कार्यवाही उपरांत जेल दाखिल कर दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों ने मारपीट कर नायब तहसीलदार माकड़ी, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं कोटवार को घायल कर दिया है। प्रार्थी राजस्व निरीक्षक माकड़ी ने थाना कोंडागांव में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उन्होंने बताया कि न्यायालय तहसीलदार माकड़ी के आदेशानुसार ग्राम विवला में प्रार्थिया लक्ष्मी मरकाम को उसकी जमीन पर कब्जा दिलाने नायब तहसीलदार माकड़ी राजकुमार आवड़े, पटवारी सबित मरकाम, ग्राम मांझीबोरंड पटवारी और ग्राम बावली कोटवार के साथ मौके पर गए थे। प्रशासनिक कार्यवाही के दौरान ग्राम विवला निवासी आरोपी घीनाराम मरकाम, बीनूराम मरकाम, बिनो मरकाम, दारूराम मरकाम, रमो मरकाम, अनित मरकाम, घनयाम मरकाम, सोपसिंह मरकाम, मानसिंह मरकाम, मोतीराम मरकाम, सियाराम मरकाम, घनयाम नेताम लाठी डंडा से लैस होकर राजस्व विभाग की टीम के शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी और लाठी डंडो से हमला कर दिया। इससे प्रार्थी राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार माकड़ी राजकुमार आवड़े, और भूस्वामी लक्ष्मी मरकाम, धनी मरकाम, रोहित मरकाम को चोट आई।

## हाथी ने ग्रामीण को कुचलने के साथ तीन मवेशियों को मारा

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा वनमंडल के देवमिट्टी गांव में पिछली रात हुई घटना में हाथी ने एक ग्रामीण को कुचल दिया।इसी स्थान पर तीन मवेशियों को भी हाथी ने मार डाला। इस घटनाक्रम से इलाके में दहशत है। वन विभाग के द्वारा आसपास के लोगों को सतर्क किये जाने की जानकारी मिली है।



जटगा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में मध्य रात्रि को यह घटना हुई। पता चला कि यहां पर रहने वाले 50 वर्षीय पीतांबर सिंह की जान हाथी के हमले में चली गई। घटना से कुछ देर पहले हाथियों की आवक की भनक लगते ही ग्रामीण की नींद टूटी और वह बाहर निकलकर कोठार में बंधे अपने मवेशियों की सुरक्षा के लिए पहुंचा था। इसी दरम्यान हाथी से उसका सामना हो गया। मौके से भागने के दौरान पीतांबर एक गड्ढे में जा गिरा और इसके तुरंत बाद हाथी ने उसे पैरों तले कुचल दिया। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। हमलावर हाथी ने इसके बाद अपने तेवर जारी रखे और कोठार में बंधे हुए तीन मवेशियों को निशाने पर लिया। उन्हें भी कुचलकर मार दिया। रात्रि में ही घटना को लेकर स्थानीय लोगों को जानकारी हो गई थी लेकिन भय के मारे वे कुछ नहीं कर सके।

आज सुबह पुलिस को इस बारे में जानकारी दी गई। जिसके बाद वन और पुलिस का अमला यहां पहुंचा। मर्ग कायम करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। बनिया में हाथी के शावक की मौत पसान वन परिक्षेत्र के ही बनिया गांव में हाथी के एक शावक का शव मिला है। आज सुबह इसका पता चला। मौत को लेकर स्पष्ट कारण ज्ञात नहीं हो सका है। यह संदेह भी जताया जा रहा है कि हाथी उत्पात को लेकर किसी ने इस तरह से प्रतिक्रिया दी हो। घटनाक्रम को लेकर सच्चाई क्या है, इसकी जांच करायी जा रही है। कोरबा से वन विभाग के अधिकारी डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंचे हैं। वन विशेषज्ञों को अचानकमार से यहां बुलवाया गया है। कई स्तर पर होने वाली जांच में स्पष्ट हो सकेगा कि हाथी के शावक की मौत आखिर कैसे हुई। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डीजल चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, 70 लीटर डीजल जब्त

**कोरबा (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा,नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रोबिनसन गुडिय़ा' द्वारा सभी थाना/चौकी क्षेत्रान्तर्गत डीजल, कोयला, कबाड़ चोरों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देषित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चौकी हरदीबाजार क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।



इसी तारतम्य में दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को चौकी प्रभारी हरदीबाजार उप निरीक्षक मयंक मिश्रा को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग रेकी ग्राम से दीपका खदान में डीजल चोरी करने उतरे है, मुखबीर से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करने पर दो व्यक्ति नीले रंग के जरीकेन में डीजल भरकर दीपका खदान से बाहर निकल रहे थे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ कर नाम पूछने पर अपना नाम राजेश कुमार पटेल तथा कुमार सिंह गोड़ बताये। जिनके कब्जे से क्रमश: 02 नग 35-35 लीटर वाले नीले रंग के जरीकेन में भरा जुमला 70 लीटर डीजल बरामद हुआ। उक्त डीजल के संबंध में वैध दस्तावेज अथवा बिल पेश करने हेतु पृथक पृथक नोटिस तामिल करने पर दोनों आरोपियों द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नही किया जा सका, जिससे उक्त संपत्ति चोरी की होने की प्रबल संभावना पर 02 नग जरीकेन में भरा कुल 70 लीटर डीजल कीमती 6,650 रूपये को गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपीयो का कृत्य धारा सदर 41,1,4, जा.फ./379,34 भादवि. का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध 'इस्तगासा क्रमांक 29/2022 धारा 41-1-4, जा.फौ., 379, 34 भादवि' कायम कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा चौकी प्रभारी हरदीबाजार, प्रआरओमप्रकाष डिक्सेना, आरक्षक संजय चन्द्रा, आरक्षक प्रफुल्ल साहू, आरक्षक कमल कैवर्त, आरक्षक प्रवीण राजवाड़े, आरक्षक मुकेष यादव, आरक्षक गौकरण श्याम, आरक्षक गौतम पटेल का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## पांच लाख के उठाईगिरी मामले का खुलासा: दो आरोपियों ने मिलकर दिया था घटना को अंजाम

**कोरबा (आरएनएस)।** गत 17 अक्टूबर 2022 को थाना कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत घटित 5 लाख रुपए उठाईगिरी की घटना घटित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में कोरबा पुलिस को सफलता मिली है। घटना को 2 आरोपियों ने मिलकर अंजाम दिया था, जिसमें से 1 आरोपी को कोरबा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिसके पास से नगदी रकम 4 लाख 90 हजार रुपए बरामद कर लिया गया है। 1 आरोपी को बलरामपुर पुलिस अपने हिरासत में ले गई है जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ,आरोपियों तक पहुंचने में सीसीटीवी कैमरों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है । पकड़े गए आरोपियों ने जनकपुर, चिरमिरी,जशपुर एवं पेंड्रा गौरेला में घटना घटित करना स्वीकार किया है संबंधित थाना प्रभारियों को सूचित किया जा रहा है।

गत 17 अक्टूबर 2022 को प्रार्थी कल्याण सिंह पैकरा पिता शिवनारायण पैकरा उम्र 62 वर्ष निवासी चैतमा थाना पाली का स्टेट बैंक कटघोरा से नगदी रकम 5 लाख रुपए आहरण कर अपने मोटरसाइकिल की डिक्की में रखकर इस्तियाक मेडिकल स्टोर कटघोरा में दवाई लेने गया था, जब दवाई लेकर वापस आया तो देखा कि मोटरसाइकिल की डिक्की खुली हुई थी कोई अज्ञात चोर डिक्की में रखा हुआ नकदी रकम 5 लाख रुपए चोरी कर भाग गया था। थाना कटघोरा में अपराध क्रमांक 391/ 2022 धारा 379 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कटघोरा निरी अश्वनी राठौर एवं साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कृष्णा साहू के साथ संयुक्त टीम बनाकर मामले की विवेचना करने एवं आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में सायबर सेल एवम थाना कटघोरा के अधिकारी कर्मचारियों को सम्मिलित कर 5 अलग-अलग टीम बनाकर सभी को अलग अलग टास्क दिया गया । घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर घटनास्थल पर तकनीकी एवं अन्य साक्ष्य एकत्रित किए गए, घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल की गई, पाया गया कि एक मोटरसाइकिल में सवार 2 आरोपीगण द्वारा घटना घटित किया गया है, जो घटना घटित करने के बाद कटघोरा जटगा पसान होकर पेंड्रा गौरेला की ओर भागे हैं ए इन रास्तों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल पर आरोपी का फोटो प्राप्त हुआ जिसकी पहचान आसपास के जिलों में अपने अपने माध्यम से कराया गया, यह भी जानकारी प्राप्त हुआ कि इसी हुलिया के आरोपियों द्वारा कुछ दिनों पूर्व जनकपुर, चिरमिरी,जशपुर के लुडेग व पेंड्रा गौरेला क्षेत्र में भी इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपी दीपक कुमार नट को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ पर अपने साथी वासुदेव नट के साथ घटना घटित करना स्वीकार किया। आरोपी दीपक कुमार नट के पास से नकदी रकम 4 लाख 90 हजार रुपए एवं घटना में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है । मामले में शामिल अन्य आरोपी वासुदेव नट को बलरामपुर पुलिस अपने हिरासत में लेकर गई है, जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।